Fourteenth Loksabha

Session : 7
Date : 18-05-2006

Participants : Chauhan Shri Nihal Chand

>

Title : Need to provide compensation to the farmers whose land has been acquired for Air Force Project in Hanumangarh district, Rajasthan.

श्री निहाल चन्द (श्रीगंगानगर) : महोदय, मेरे लोक सभा क्षेत्र श्रीगंगानगर के जिला हनुमानगढ़ के रावतसर तहसील के गांव मोटेर, घाधसुर, धीरदेशर, बनासर एवं बांगासर की कुल 47,299 एकड़ भूमि वायुसेना ने एयर टू ग्राउंड हेतु आवाप्त की थी। 1991 में जमीन ली जिसका एवार्ड भी कर दिया परन्तु आज तक किसानों को मुआवजा नहीं मिला। किसान अपनी जमीन को बो भी नहीं सकता। राजस्थान सरकार ने भूमि आवाप्त का प्रस्ताव केन्द्र सरकार को भेजा हुआ है। परन्तु केन्द्र सरकार ने अभी तक कोई कार्यवाही नहीं की। इससे किसान परेशान हो रहा है। महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा कि किसानों की आवाप्त भूमि का मुआवजा अतिशीघ्र जारी करें।